# ज्ञान सुरभि

## भाग – 3

## हिंदी - भाषा III

द्वितीय संस्करण 2025



# आमुख

**'ज्ञानम् परमम् ध्येयम्, ज्ञानम् परमम् बलम्'** अर्थात् ज्ञान ही परम लक्ष्य है और ज्ञान ही परम बल है। विद्या का मुख्य उद्देश्य ज्ञान प्रदान करना है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अनुसार भाषा ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम बनती है। अतः प्रारंभिक शिक्षा में भाषा को अधिक महत्त्व दिया हुआ है। इसी उपलक्ष्य में प्रस्तुत पाठ्य पुस्तक **'ज्ञान सुरभि हिंदी भाषा III'** तैयार की गई है। यह पाठ्य श्रृंखला कक्षाएँ 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी होगी। हर पाठ्यपुस्तक में कहानियों और पठित बोध के अलावा विद्यार्थियों का व्यावहारिक ज्ञान बढ़ाने हेतु वार्तालाप का भी प्रक्षेप किया गया है। यह सिद्दत है कि जो विद्या बच्चों के व्यावहारिक ज्ञान का निर्माण करती है, वही संपूर्ण विद्या कहलाएगी। इसे ध्यान में रखते हुए हमारे गृह-प्राध्यापकों द्वारा क्रियाकलाप केंद्रित पाठ्यक्रम तैयार किया हुआ है। इस पठन-सामग्री में बच्चों का मार्गदर्शन करनेवाली मूल्यपरक कहानियाँ सरल और बोधगम्य भाषा में बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत की गई हैं। हर पाठ के आधार पर कठिन शब्दार्थ, बोध-प्रश्न और अन्य अभ्यास दिए हुए हैं, जो विद्यार्थियों की बौद्धिकता और बोधगम्यता के विकास में सहयोग देंगे। कक्षाएँ 1 और 2 में अक्षर ज्ञान, 3 से 5 तक की हर पाठ्यपुस्तक में गिनती, अनुवाद-अभ्यास के साथ-साथ विशेष रूप से घरेलू सामान, दाल, आभूषण, पशु-पक्षी से लेकर सभी प्रकार के सामान्य-ज्ञान का भी परिचय दिया गया है और कक्षाएँ 6 से 8 तक के लिए व्याकरण, पत्र लेखन, पोस्टर-विज्ञापन लेखन का प्रतिपादन भी किया गया है, जो बच्चों के लिए भावी जीवन में काफ़ी मददगार रहेगा। कक्षाएँ 5 से 8 तक के पाठ्यक्रम में मुहावरों की चित्र सहित व्याख्या की गई है। हर पाठ के अभ्यासों के बाद गतिविधियों के अंतर्गत पाठ संबंधित अन्य जानकारियाँ और विचारमंथनात्मक अभ्यास भी समाहित हैं। पाठ्य सामग्री के प्रारंभ में, 'पुनर्कथन' के रूप में पूर्व कक्षा के अनिवार्य विषय और अंत में, नमूने प्रश्न पत्र दिए गए हैं, जो छात्रों के लिए बहुत ही सहायक होंगे। प्रहर्ष की बात यह है कि इनमें छात्रों-अध्यापकों द्वारा खिंचित चित्रों का भी समावेश है। विद्यार्थियों के लिए एक संपूर्ण पाठ्य-सामग्री प्रदान करने का यह एक छोटा-सा प्रयास है।

सचिव

चेन्नई। जून 2025 — आर्य समाज सेवा फाउंडेशन

# Acknowledgements


## Lead Content Contributors

Smt.Alagulatha AL M.A.,B.Ed.,PGDT.,M.Phil.

Dr.S.Avudainayaki M.A.,M.Sc.(Psy).,B.Ed.,PGDT.,Ph.D

## Content Contributors

Smt.Anitha M.V. M.A.,B.Ed.

Smt.Dhanalakshmi M.A.,B.Ed.

Smt.Rachana Arvind B.Sc.(Bio).,M.A(Psy.),M.A(Hindi).,B.Ed.,M.Phil.

## Poems

Smt.Anuradha Kathuria, M.A., (Sans), M.A., (Hin)

## Design and Technical Support

Ms.Hamsavani Raman and Team

## Wrapper Design

Smt.D.Madhuri DFA (Front wrapper)

Shri.S.Vignesh DFA (Back wrapper)

# विषय सूची


| क्रम संख्या | प्रकरण | विधा | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| | पुनर्कथन - Recap | | 6 |
| 1 | रंगों के नाम | सामान्य ज्ञान | 8 |
| 2 | डॉक्टर के यहाँ | वार्तालाप | 10 |
| 3 | रामन की समझदारी | पठित बोध | 13 |
| 4 | उत्तम शिष्य | कहानी | 15 |
| 5 | गिनती | सामान्य ज्ञान | 17 |
| 6 | अनुवाद - I | सामान्य ज्ञान | 19 |
| 7 | दादाजी का बगीचा | पठित बोध | 20 |
| 8 | सगे संबंधियों के नाम | सामान्य ज्ञान | 22 |
| 9 | रेस्ट्रान्ट में | वार्तालाप | 24 |
| 10 | पशु-पक्षियों के नाम | सामान्य ज्ञान | 28 |
| 11 | अनुवाद - II | सामान्य ज्ञान | 30 |
| 12 | रास्ते की चट्टान | पठित बोध | 31 |
| 13 | वाहनों के नाम | सामान्य ज्ञान | 33 |
| | नमूने प्रश्न पत्र | | 36 |

# पुनर्कथन (RECAPITULATION)

## RECAP-I

### दो अक्षर वाले शब्द

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कल | चल | फल | नल | हल | जल | तन | मन |
| धन | कर | घर | नर | पर | डर | कम | |

### तीन अक्षर वाले शब्द

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कलम | कमल | चमन | नमन | नमक | गरम | लहर |
| शहर | हवन | नगर | मटर | कलश | बहन | मगर |
| भवन | सड़क | | | | | |

## RECAP-II

### चार अक्षर वाले शब्द

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अदरक | नटखट | बचपन | बरगद | कसरत | उपवन |
| अनपढ़ | कटहल | थरमस | शरबत | मतलब | हलचल |

### मात्रा वाले शब्द

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ की मात्रा | – | राजा | माला | काला | मामा | चाचा | दादा |
| इ की मात्रा | – | कवि | हिरन | सिर | दिन | दिल | किरण |
| ई की मात्रा | – | जीभ | गीत | जीत | सही | नदी | घड़ी |
| उ की मात्रा | – | धनुष | सुन | गुरु | सुमन | पशु | कुछ |
| ऊ की मात्रा | – | फूल | झूल | मूल | डमरू | भूख | दूध |

# चंदा मामा



चंदा मामा दूर के,
पुए पकाए दूध के,
आप खाएँ थाली में,
मुन्ने को दें प्याली में।
प्याली गई टूट,
मुन्ना गया रूठ,
मुन्ने को मनाएँगे,
दूध-मलाई खाएँगे।

# 1. रंगों के नाम



पत्ता हरा होता है।



टमाटर का रंग लाल है।



आम का रंग पीला है।



संतरा नारंगी रंग का होता है।



दूध का रंग सफ़ेद होता है।



कौआ **काला** होता है।




आसमान का रंग नीला है।

## अभ्यास

1 किन्हीं पाँच रंगों के नाम लिखिए।

## गतिविधि

निम्न दिए हुए चित्रों में उचित रंग भरकर वाक्य की पूर्ति कीजिए



यह हमारा तिरंगा है। इसमें तीन रंग हैं।

वे----------------, -------------- और

---------------- हैं।




सूरजमुखी का रंग -----------------

और उसके पत्तों का रंग -------------होता है।



मुझे ----------सेब और -----------सेब पसंद हैं।

(लाल/पीला/नीला/हरा)



# 2. डॉक्टर के यहाँ

**शब्दार्थ**

| | | | |
|---|---|---|---|
| दोस्त – मित्र | Friend | चोट – घाव | Injury |
| अँधेरा – अंधकार | Darkness | महीना – माह | Month |
| सप्ताह – हफ्ता | Week | दवाई - दवा | Medicine |



(नंदन अपनी माताजी के साथ रोते-रोते अस्पताल आता है। उसके पैर में चोट लगी है)

**डॉक्टर:** आओ बेटा! क्या हुआ? क्यों रो रहे हो?

**नंदन:** आज मैं स्कूल में अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। गेंद पकड़ने दौड़ा। एक पत्थर नीचे पड़ा था। मैंने उसे देखा नहीं। धड़ाम से नीचे गिर पड़ा। बहुत दर्द हो रहा है, डॉक्टर जी।

**डॉक्टर:** **(हँसते हुए)** गेंद को पकड़ा या नहीं?

**नंदन:** गेंद को पकड़ने के बाद ही नीचे गिरा डॉक्टर! **(रोता है)**

**डॉक्टर:** ओह! अच्छे गेंदबाज़ (Bowler) हो तुम! रोना मत बेटा!

**माता जी:** डॉक्टर जी! उसका पैर सूज गया। शाम से सूजता जा रहा है।

**डॉक्टर**: चिंता मत कीजिए। ठीक हो जाएगा।

**(डॉक्टर उसके पैर की जाँच करते हैं)**

**नंदन:** कितने दिन लगेंगे डॉक्टर जी! क्या मैं फिर से खेल सकता हूँ?

**डॉक्टर:** हाँ, हाँ! क्यों नहीं? अब तुम अपनी माँ के साथ जाकर एक्स रे (X RAY) लेकर आओ। **(माताजी से)** आप नंदन को एक्स रे लैब (X RAY LAB) ले जाइए ।



**माता जी:** हाँ जी! आओ नंदन! (नंदन अपनी माताजी के साथ एक्स रे लैब की ओर जाता है।)

**माता जी:** जी! इसके पैर का एक्स रे लेना है।

**नंदन:** माँ! एक्स रे क्या होता है?

**लैब टेक्नीशियन:** बेटा! तुम अपना फोटो लेते हो न! उसी प्रकार पैर के अंदर की हड्डियों का हम फोटो लेने वाले हैं। डरना मत! आपकी माता जी बाहर रहेंगी। मैं तुम्हें अंदर ले जाता हूँ।

**नंदन:** ठीक है अंकल! माँ, अब मैं रोऊँगा नहीं।

**(लैब टेक्नीशियन नंदन को लैब के अंदर ले जाते हैं और एक्स रे निकालकर नंदन की माँ के हाथ में देते हैं।)**

**माता जी:** धन्यवाद जी।

**नंदन:** माँ! कमरे के अंदर धुप अँधेरा था, लेकिन मैं डरा नहीं।

**माता जी:** (हँसते हुए) मेरा बेटा निडर है। चलो, हम डॉक्टर से मिलेंगे।

**(डॉक्टर एक्स रे को ध्यान से देखते हैं)**

**डॉक्टर:** पैर में फ्रैक्चर हो गया है।

**नंदन:** कितना बड़ा फ्रैक्चर है डॉक्टर जी? ठीक होने के लिए कई दिन लगेंगे क्या?

**डॉक्टर:** नंदन! चिंता मत करो। हैरलाइन फ्रैक्चर (Hairline Fracture) ही है। एक महीने में एकदम ठीक हो जाओगे। **(माता जी की ओर मुड़कर)** मैं पंद्रह दिनों के लिए दवाई देता हूँ। आप इसे दो सप्ताह बाद ले आइए। तब तक ज़्यादा चलना-फिरना नहीं।

**माता जी & नंदन:** धन्यवाद डॉक्टर!

# अभ्यास

## I निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए

पैर　　　　दवाई　　　　बाहर

## II विलोम शब्द लिखिए

नीचे　　　　लेना　　　　निडर　　　　ठीक

## III वचन बदलिए

कमरा　　　　दवाई　　　　हड्डी

## IV लिंग बदलिए

बेटा　　　　माताजी

## V रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

1. नंदन अपनी ____________ के साथ अस्पताल आया।
2. एक __________ नीचे पड़ा था।
3. मैं पंद्रह दिनों के लिए __________ देता हूँ।
4. __________ में एकदम ठीक हो जाओगे।

## VI निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

1. नंदन क्यों रो रहा था?
2. नंदन किसके साथ क्रिकेट खेल रहा था?
3. एक्स रे लैब का कमरा कैसा था?
4. डॉक्टर ने नंदन को फिर से कब आने को कहा?

## VII निम्नलिखित प्रश्नों का सही विकल्प चुनकर लिखिए

1. नंदन अस्पताल में किससे मिला?

   पिता जी से　　　　डॉक्टर से　　　　अध्यापक से

2. डॉक्टर ने कितने दिनों के लिए दवाई दी?

   एक महीने के लिए　　　　दस दिनों के लिए　　　　पंद्रह दिनों के लिए

3. डॉक्टर ने नंदन की तारीफ़ में क्या कहा?

   अच्छा गेंदबाज़　　　　अच्छा बल्लेबाज़　　　　अच्छा खिलाड़ी

# 3. रामन की समझदारी - पठित बोध



गर्मी का मौसम था। तेनालीरामन रात के भोजन के बाद आँगन में बैठकर अपनी पत्नी से बातें कर रहा था । उनका घर एक बड़े सुंदर बगीचे के बीच में था। उसकी पत्नी ने कहा, "आप तो घर की बिलकुल परवाह नहीं करते हैं। सारा काम मुझे ही करना पड़ता है।" तेनालीरामन ने पूछा, "क्या बोलती हो तुम! मैं तुम्हारी हर रोज़ मदद कर रहा हूँ, ऐसा कौन-सा काम छूट गया मुझसे?" पत्नी ने कहा, "गर्मी के कारण हमारे बगीचे के पेड़-पौधे सूखते जा रहे हैं। मैं एक सप्ताह से बोल रही हूँ, आप पेड़-पौधों को पानी देने का नाम तक नहीं लेते हैं ।" जब पत्नी इस प्रकार बोल ही रही थी, तब एक चोर चुपके से अंदर घुसा और नीम के पेड़ के पीछे खड़ा हो गया। रामन ने उस चोर को देख लिया, तो उसे एक उपाय सूझा। वह घर के अंदर जाकर कपड़े में कुछ बाँध ले आया और उसे कुएँ में डाल दिया। पत्नी के पूछने पर रामन ने कहा, "तुम्हारे आभूषणों को घर में नहीं रख सकते। आजकल चोरी बढ़ गई है।" यह सुनते ही पत्नी चिल्लाने लगी, परंतु तेनाली रामन ने अपनी पत्नी को अंदर ले जाकर उसके कानों में धीरे से कहा कि उसने कुएँ में केवल पुराने कपडे ही फेंके हैं। थोड़ी देर बाद चोर ने कुएँ से आभूषण लेने के लिए पानी खींच-खींचकर नीचे बहा दिया। कुएँ का पानी तो कम नहीं हुआ। चोर थक गया, परंतु उसे आभूषण नहीं मिला। निराश होकर वह वहाँ से चला गया। सुबह पत्नी ने देखा कि पेड़-पौधों को पानी मिल गया है।

### निम्न दिए हुए प्रश्नों के लिए उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए

1. चोर तेनाली रामन के घर कब घुसा?

   दोपहर — रात — शाम

2. चोर ------------ के पेड़ के पीछे खड़ा हो गया।

   पीपल — नीम — बरगद

3. चोर कुएँ में से क्या लेना चाहता था?

   पानी — आभूषण — पत्थर

4. चोर क्यों निराश हुआ?

   आभूषण न मिलने पर — कुएँ के सूख जाने पर — खाना न मिलने पर

5. चोर क्यों थक गया था?

   भूख लगने के कारण — कुएँ से पानी खींचते रहने से — सोते रहने से

# गतिविधि

## दिए हुए चित्र को ध्यान से देखकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए



(उड़ नीचे आनंद दोपहर महल छतरी
किनारे समुद्र तट नारियल बाल्टी लहरें )

1. यह ------------- का दृश्य है।
2. यह --------------- का समय है।
3. ऊँची ---------- किनारे को छू रही हैं।
4. तट पर छाया के लिए एक --------------लगाई हुई है।
5. समुद्र के ----------- एक गेंद है।
6. बच्चे ---------------- मना रहे हैं।
7. लड़की के पीछे एक --------------- है।
8. पक्षी आसमान में ------------- रहे हैं।
9. लड़का-लड़की दोनों बालू से --------------------- बना रहे हैं।
10. तट पर ----------- का एक पेड़ है जिसके -----------दो नारियल पड़े हैं।

# 4. उत्तम शिष्य

**शब्दार्थ**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्तर | - | जवाब Answer | बाण | - | तीर Arrow |
| वृक्ष | - | पेड़ Tree | दिन | - | दिवस Day |



गुरु द्रोणाचार्य ने पांडवों और कौरवों को अस्त्र-शस्त्र विद्या सिखाई। शिष्यों ने थोड़े ही समय में अच्छी तरह धनुर्विद्या सीख ली। एक दिन गुरु जी यह देखना चाहते थे कि धनुर्विद्या में कौन उत्तम है? इसके लिए उन्होंने अपने शिष्यों को एक परीक्षा देने का निश्चय किया। वे उन सबको एक बड़े वृक्ष के पास ले गए। उस पेड़ की डाली पर काठ का एक तोता रखा हुआ था।

सबके हाथ में धनुष-बाण थे। द्रोणाचार्य ने पेड़ को दिखाकर अपने शिष्यों से पूछा कि उन्हें क्या दिखाई दे रहा है। युधिष्ठिर ने उत्तर दिया, "गुरुदेव! मुझे पेड़ पर अनेक फूल दिखाई दे रहे हैं।" गुरु जी ने उन्हें पीछे खड़े रहने को कहा। फिर दुर्योधन आया और कहा, "गुरुवर! मुझे पेड़ पर अनेक पत्ते दिखाई दे रहे हैं।" गुरु ने उसे भी भेज दिया।

अब भीम की बारी आई तो उसने कहा, "गुरु जी! मुझे पेड़ पर लगे फल दिखाई दे रहे हैं।" गुरु ने भीम को भी वापस भेज दिया। फिर आए नकुल ने कहा, "मुझे पेड़ की डाली दिखाई दे रही है।" अब गुरु जी निराश हो गए। उसके बाद सहदेव ने कहा, "मुझे पेड़ पर पक्षी का एक घोंसला दिखाई देता है।"

अंत में अर्जुन की बारी आई, तो उससे गुरुजी ने वही प्रश्न पूछा, "तुम्हें पेड़ पर क्या दिखाई दे रहा है?" तब निशाना लगाते हुए अर्जुन ने कहा, "गुरुवर! मुझे तोते की आँख दिखाई दे रही है।" यह सुनकर सभी

राजकुमार हँसने लगे। गुरु जी ने अर्जुन से बाण छोड़ने को कहा। अर्जुन ने बाण छोड़ा, तो वह निशाने पर लगा। अब द्रोणाचार्य प्रसन्न होकर अर्जुन से गले मिले और कहा, “हे अर्जुन! तुम्हीं उत्तम शिष्य हो! एकाग्रता ही उत्तम शिष्य का लक्षण है”

## अभ्यास

### I निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए

घोंसला फल भेजना

### II विलोम शब्द लिखिए

उत्तर दिन पीछे पास हँसना

### III वचन बदलिए

पेड़ तोता विद्या पत्ता डाली

### IV लिंग बदलिए

आचार्य शिष्य राजकुमार

### V रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

1. शिष्यों ने थोड़े ही समय में अच्छी तरह __________ सीख ली।
2. सबके हाथ में ___________ थे।
3. अर्जुन ने _____________ लगाते हुए कहा।
4. द्रोणाचार्य प्रसन्न होकर __________ से गले मिले।

### VI निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

1. पांडवों और कौरवों के गुरु कौन थे?
2. भीम को पेड़ पर क्या दिखाई दिया?
3. पेड़ की डाली पर क्या रखा हुआ था?
4. उत्तम शिष्य कौन था?

## गतिविधि

### शब्द पढ़कर उसके अंतिम अक्षर से नया शब्द बनाइए

1. सीपी → पी ___ल → ल ___ड़ी → डीं____
2. अदरक → क ___चा → चा ___र → र ____ त

# 5. गिनती

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | १ | एक | | 11 | ११ | ग्यारह |
| 2 | २ | दो | | 12 | १२ | बारह |
| 3 | ३ | तीन | | 13 | १३ | तेरह |
| 4 | ४ | चार | | 14 | १४ | चौदह |
| 5 | ५ | पाँच | | 15 | १५ | पंद्रह |
| 6 | ६ | छः | | 16 | १६ | सोलह |
| 7 | ७ | सात | | 17 | १७ | सत्रह |
| 8 | ८ | आठ | | 18 | १८ | अठारह |
| 9 | ९ | नौ | | 19 | १९ | उन्नीस |
| 10 | १० | दस | | 20 | २० | बीस |

## गतिविधि

### हिंदी के अंक लिखिए (केवल ज्ञान हेतु)

| | |
|---|---|
| 1 - | 6 - |
| 2 - | 7 - |
| 3 - | 8 - |
| 4 - | 9 - |
| 5 - | 10 - |

निम्न दिए हुए चित्र को ध्यान से देखिए और पूछी गई चीज़ों को गिनकर हिंदी शब्दों में लिखिए



गमले ________

पुस्तकें ________

प्याला ________

चित्र ________

तकिये ________

सोफा ________

फूल ________

अलमारियाँ ________

दीवार पर ईंट की डिज़ाइन ____________

सजावटी बल्ब ____________

# 6. अनुवाद - I



| | |
|---|---|
| 1. Please go home. | कृपया घर जाइए। |
| 2. Don’t drink coffee. | कॉफी मत पीजिए। |
| 3. Bring a pen. | कलम लाइए। |
| 4. Take this paper. | यह कागज़ लीजिए। |
| 5. Keep the book here. | पुस्तक इधर रखिए। |
| 6. Play in the evening. | शाम को खेलिए। |
| 7. Please come in. | अंदर आइए। |
| 8. Come here with Ravi. | रवि के साथ इधर आइए। |
| 9. Go there. | उधर जाइए। |
| 10. Don’t run. | मत दौड़िए / दौड़ना मत। |
| 11. My spectacles are there. | मेरा चश्मा वहाँ है। |
| 12. Drink milk. | दूध पीजिए। |
| 13. Read the book. | पुस्तक पढ़िए। |
| 14. Give me a pen. | मुझे एक कलम दीजिए। |
| 15. Buy a pencil. | एक पेंसिल खरीदिए। |

# 7. दादाजी का बगीचा - पठित बोध



मेरे दादाजी को पेड़-पौधों से बहुत प्यार है। उनका एक सुंदर-सा बगीचा है। बगीचे में तरह-तरह के पेड़-पौधे होते हैं - फल देने वाले पेड़ और फूल देने वाले पौधे हैं। यहाँ मूली, गाजर, गोभी, पालक, टमाटर, मटर जैसी तरह-तरह की सब्ज़ियाँ भी उगती हैं। पेड़-पौधों पर आम, अमरूद, अनार, केले जैसे फल देखकर मैं बहुत खुश हो जाता हूँ। दादा जी सुबह-सुबह बगीचे में रहे पेड़-पौधों को पानी देते हैं; खाद देते हैं; उनसे बातें करते हैं और उनके प्रति अपना प्यार दिखाते हैं। बगीचे की सुंदरता देखकर लगता है मानो पेड़-पौधे दादाजी से बहुत खुश हैं। वे दादाजी की देखरेख में खूब फूलते-फलते हैं। दादाजी कहते हैं, "पेड़-पौधे हमारे मित्र हैं, इसलिए उनके जीवन की रक्षा करना हम सबका धर्म है।" मैं भी दादाजी की तरह पेड़-पौधों से बहुत प्यार करता हूँ।

### निम्न दिए हुए प्रश्नों के लिए उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए

1. किसको पेड़ पौधों से बहुत प्यार है?
   दादीजी को | नानीजी को | दादाजी को
2. दादाजी सुबह-सुबह बगीचे में पेड़-पौधों को क्या-क्या देते हैं?
   पानी और खाद | दाना और पानी | पानी और तेल
3. दादाजी से कौन खुश है?
   पेड़ और पौधे | पेड़ और चिड़िया | आलू और मटर
4. पेड़-पौधे हमें क्या-क्या देते हैं?
   फल-फूल | अनाज-शरबत | दाल-रोटी

5. बगीचा कैसा था?
   सूखा　　　सुंदर　　　बड़ा


6. दादाजी क्या कहा करते हैं?
   पेड़-पौधे हमारे मित्र हैं　　　पेड़ खतरनाक हैं　　　पेड़ काटना उचित है

7. दादाजी की देखरेख में कौन-कौन पल रहे हैं?
   पशु-पक्षी　　　पोता-पोती　　　पेड़-पौधे

8. पेड़-पौधों के जीवन की रक्षा करना हम सबका __________ है।
   धर्म　　　अधर्म　　　काम

## गतिविधि

**चित्र देखकर पेड़ों के नाम लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| <br>____________________ | <br>____________________ | <br>____________________ |
| <br>____________________ | <br>____________________ | <br>____________________ |

# 8. सगे संबंधियों के नाम

| | |
|---|---|
| माता | पिता |
| दादा | दादी |
| नाना | नानी |
| मौसा | मौसी |
| भाई | बहन |
| फूफा | बुआ |
| चाचा | चाची |
| ताऊ | ताई |
| मामा | मामी |



## अभ्यास

### निम्नलिखित वाक्यों की पूर्ति कीजिए

1. माताजी के भाई को -------------------- कहते हैं।
2. पिताजी के छोटे भाई को ------------------- कहते हैं।
3. पिताजी की माताजी को ----------------- कहते हैं।
4. माताजी के पिताजी को ---------------- कहते हैं।
5. बुआ पिताजी की ---------------------- हैं।

## गतिविधि

**'मेरी माँ'** पर पाँच वाक्य लिखिए।

# टमाटर



**अहा ! टमाटर बड़ा मज़ेदार,**
**लाल टमाटर मज़ेदार।**
**एक दिन इसको चींटी ने खाया**
**हाथी को भी मार भगाया|**
**अहा! टमाटर बड़ा मज़ेदार।**
**एक दिन इसको चूहे ने खाया,**
**बिल्ली को भी मार भगाया।**
**अहा! टमाटर बड़ा मज़ेदार।**
**वाह! टमाटर बड़ा मज़ेदार।**

# 9. रेस्ट्रान्ट में

**शब्दार्थ**

| | |
|---|---|
| बहुत - अधिक More | थोड़ा - कम Less |
| कार्य - काम Work | स्वादिष्ट - ज़ायकेदार Delicious |
| बर्बाद करना - नष्ट करना To waste | परेशान - बेचैन Worried/Disturbed |



**(आज हरीश का जन्मदिन है। घर में उसके सभी मित्र आए हुए हैं। सभी मिलकर उसका जन्मदिन धूमधाम से मना रहे हैं और उसे शुभकामनाएँ देते हैं। इतने में पिताजी जो कार्यवश दिल्ली गए थे, वे भी आ जाते हैं।)**

**हरीश :** प्रणाम पिताजी! आप भी आ गए!!

**पिताजी:** हाँ-हाँ बेटा! आज तुम्हारा जन्मदिन है न! इसलिए मैं अपना काम छोड़कर आ गया। मेरी ओर से जन्मदिन की ढ़ेर सारी शुभकामनाएँ।

**हरीश:** धन्यवाद पिताजी। मुझे आशीर्वाद दीजिए। आप से एक विनती, क्या हम सब मिलकर किसी अच्छे रेस्ट्रान्ट में जाकर खाएँ?

**माँ:** क्यों न हम घर का बनाया खाएँ। एक घंटे में खाना तैयार हो जाएगा।

**पिताजी:** रोज़ आप ही बनाती हैं न! चलो, हम सब आज बाहर जाकर खाएँगे।

**(पिताजी, माताजी, दीदी, हरीश और उसके सभी दोस्त रेस्ट्रान्ट के लिए निकलते हैं।)**

**परिचारक** (Waiter): 'त्रिवेणी रेस्ट्रान्ट' में आप सबका स्वागत है। कृपया बैठिए।

**पिताजी:** धन्यवाद ।

**परिचारक:** लीजिए ठंडा पानी। यह हमारे रेस्ट्रान्ट का मेनु कार्ड है।

**पिताजी:** हरीश! आप सब क्या खाना चाहते हैं?

**हरीश:** मैं इस रेस्ट्रान्ट की स्पेशल डिश के बारे में जानना चाहता हूँ।

**परिचारक:** ज़रूर बेटा। हमारे रेस्ट्रान्ट में शाही पनीर और आलू पराठे स्पेशल हैं।

**हरीश:** हम सब वही खाएँगे।

**पिताजी:** स्टार्टर्स में तुम्हें क्या चाहिए?

**हरीश:** क्या हम स्टार्टर्स में टमाटर का सूप और पनीर टिक्का लेंगे?

**पिताजी:** जो चाहिए, खा लो। जी! पीने के लिए क्या-क्या मिलता है?

**परिचारक:** जी! हमारे रेस्ट्रान्ट में लस्सी और शरबत हैं।

**हरीश:** पिताजी, हम सब लस्सी पीना चाहते हैं।

**पिताजी:** अच्छा बेटा। तुम्हारी दीदी को भी लस्सी पसंद है न!

**हरीश:** हाँ! दीदी को रसगुल्ला भी बहुत पसंद है।

**दीदी:** हरीश! आज तुम्हारा जन्मदिन है। तुम्हें जो पसंद है, पहले उसे बताना।

**हरीश:** (हँसकर) ठीक है दीदी।

**परिचारक:** क्या मैं खाने का ऑर्डर ले सकता हूँ?

**पिताजी:** ज़रूर। ऑर्डर लिख लीजिएगा। स्टार्टर्स में सब के लिए पनीर टिक्का और टमाटर का सूप लाइए। फिर आलू पराठे, शाही पनीर, दाल मखानी, रसगुल्ले, मटर पुलाव और लस्सी लाना।

**हरीश:** भैया, कितना समय लगेगा? हम सबको बहुत भूख लगी है।

**परिचारक:** लगभग बीस से तीस मिनट तक लगेगा बेटा।

**मित्र:** हरीश! तुम परेशान मत हो, खाना जल्दी ही आ जाएगा।

**परिचारक:** यह लीजिए आपका स्टार्टर्स। मेन कोर्स (Main course) थोड़ी देर में ले आता हूँ।

**हरीश:** पिताजी, टमाटर का सूप तो बहुत गरम है, पीकर बहुत मज़ा आया।

**पिताजी:** बहुत अच्छा! हरीश बेटा, खाना बर्बाद मत करो।

**(सब मज़े से खाना खाते हैं)**

**हरीश:** पिताजी! सब कुछ बहुत ही स्वादिष्ट है।

**परिचारक:** जी! आप और कुछ लेना चाहेंगे?

**पिताजी:** नहीं! आप बिल ले आइए।

**(परिचारक बिल लाते हैं)**

**परिचारक:** यह लीजिए आपका बिल।

**पिताजी:** आपकी सेवा के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

**परिचारक:** धन्यवाद। फिर आइएगा।

## अभ्यास

### I वाक्य बनाइए
भूख काम गरम खाना तैयार

### II लिंग बदलिए
परिचारक पिताजी दीदी

### III वचन बदलिए
बेटा पराठा चीज़ सेवा

### IV विलोम शब्द लिखिए
ठंडा जल्दी बाहर पसंद

### V सही उत्तर चुनकर लिखिए
1. सभी लोग किसका जन्मदिन मनाने आए थे?
   हरीश का हरीश के पिताजी का हरीश की माताजी का
2. पिताजी कहाँ गए हुए थे?
   मुंबई दिल्ली चेन्नई
3. हरीश ने रेस्ट्रान्ट जाकर कौन-सा सूप पिया?
   टमाटर का पालक का मटर का

## VI निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. कौन दिल्ली गए हुए थे?
2. हरीश किन-किनके साथ रेस्ट्रान्ट गया था?
3. हरीश ने रेस्ट्रान्ट जाकर क्या-क्या खाया?
4. रेस्ट्रान्ट का खाना कैसा था?
5. 'त्रिवेणी रेस्ट्रान्ट' की स्पेशल डिश क्या है?

# गतिविधि

## उचित शब्दों से वाक्यों की पूर्ति कीजिए




| | | |
|---|---|---|
| 1. | गेंद मेज़ ------------ है। | (के नीचे / के आगे) |
| 2. | तकिये सोफा --------- हैं। | (के ऊपर / पर) |
| 3. | पुस्तक मेज़ ----------- है। | (के नीचे / पर) |
| 4. | दरी मेज़ ----------- है। | (के पीछे / के आगे) |
| 5. | कुर्सी मेज़ ----------- है। | (के पीछे / के पास) |
| 6. | गमले -------------रंग-बिरंगे फूल हैं । | (पर /में ) |
| 7. | घड़ी दीवार ------------- है। | (में / पर) |
| 8. | मेज़ कुर्सी और सोफा के -------- है। | (पास / बीच में) |


# 10. पशु-पक्षियों के नाम



गाय




बतख



शेर



तोता



हाथी



मोर



बाघ



कोयल



घोड़ा



हंस



कुत्ता



चील



बिल्ली



मुर्गा

**I निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

1. किन्हीं पाँच पक्षियों के नाम लिखिए।
2. किन्हीं पाँच पशुओं के नाम लिखिए।

## गतिविधि

**खाली स्थान भरिए**

1. --------------- हमारा राष्ट्रीय पक्षी है।
2. --------------- हमें दूध देती है।
3. --------------- जंगल का राजा कहलाता है।
4. --------------- घर की रखवाली करता है।
5. --------------- और ----------------- पानी में रहते हैं।
6. --------------- तेज़ दौड़ता है।
7. --------------- की आवाज़ मीठी है।
8. --------------- हमारा राष्ट्रीय जानवर है।
9. --------------- दूध पीती है।
10. --------------- के पैर विशाल स्तंभ की तरह लगते हैं।

# 11. अनुवाद - II



| | | |
|---|---|---|
| 1. | Please get up early in the morning. | कृपया सुबह जल्दी उठिए। |
| 2. | Please sit on the chair. | कृपया कुर्सी पर बैठिए। |
| 3. | Don’t go there. | उधर मत जाइए। |
| 4. | Write down the lesson. | पाठ लिखिए। |
| 5. | Look at the moon. | चाँद को देखिए। |
| 6. | Keep the clothes on the table. | मेज़ पर कपड़े रखिए। |
| 7. | Show me the picture. | मुझे चित्र दिखाइए। |
| 8. | Close your eyes. | आँखें बंद कीजिए। |
| 9. | Listen carefully. | ध्यान से सुनिए। |
| 10. | Join your hands. | हाथ जोड़िए। |
| 11. | Wash the dishes. | बरतन साफ़ कीजिए। |
| 12. | Drink enough water. | काफ़ी (पर्याप्त) पानी पीजिए। |
| 13. | Stand near the wall. | दीवार के पास  खड़े हो जाइए। |
| 14. | Please get up from your place. | आप अपनी जगह से उठिए। |
| 15. | Call him. | उसको बुलाइए। |

# 12. रास्ते की चट्टान - पठित बोध



एक बार एक राजा ने अपनी प्रजा की परीक्षा लेने के लिए सड़क के बीचों-बीच एक बड़ी चट्टान रखवा दी। फिर वे एक पेड़ के पीछे खड़े होकर देखने लगे। कुछ देर बाद वहाँ से बहुत से लोग गुज़रने लगे। किसी ने भी उस चट्टान को किनारे नहीं किया, बल्कि उन लोगों ने राजा को ही भला- बुरा कहा। उस समय एक किसान वहाँ से गुज़रा। उसने अपने हाथों से उस चट्टान को धकेल कर किनारे कर दिया। तभी उसे वहाँ एक झोला दिखा। उसने झोला खोला। उसमें सोने के सिक्के भरे थे और एक कागज़ भी था। उस पर राजा की ओर से एक संदेश था- "जो भी इस चट्टान को सड़क से हटा देगा, यह झोला उसका हो जाएगा"।

### निम्न दिए हुए प्रश्नों के लिए उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए

1) अपनी प्रजा की परीक्षा लेने के लिए राजा ने सड़क के बीच क्या रखवा दिया?

चट्टान रथ मूँगफली

2) सड़क के बीचों-बीच रखी चट्टान को किसने किनारे किया?

मोची किसान सुनार

3) झोले में क्या था?

पीतल के सिक्के चाँदी के सिक्के सोने के सिक्के

4) राजा कहाँ छिपकर देखने लगे?

पेड़ के पीछे पेड़ के ऊपर चट्टान के पीछे

5) सड़क पर चट्टान को देखकर लोगों ने क्या किया?

राजा की निंदा की | राजा की तारीफ़ की | नाचने लगे

6) किसान कैसे स्वभाव का था?

स्वार्थी | परोपकारी | दयालु

7) उसने अपने ------------- उस चट्टान को धकेल कर किनारे कर दिया।


हाथों से | पैरों से | सिर से

8) कुछ देर बाद वहाँ से बहुत से ---------- गुज़रने लगे।

पशु | पक्षी | लोग

## गतिविधि

**टोकरी में रखे हुए फलों में रंग भरकर नाम लिखिए**



______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

# 13. वाहनों के नाम



जहाज़



नाव



रेल गाड़ी



हवाई जहाज़



बैल गाड़ी



घोड़ा गाड़ी

### निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. किन्हीं पाँच वाहनों के नाम लिखिए।
2. आपको कौन-सा वाहन पसंद है?
3. आप जल-यात्रा कैसे करते हैं? (नाव-जहाज़ से/हवाई जहाज़ से/बैल गाड़ी से)

## गतिविधि

**चित्र पहचानकर सही शब्द पर गोला लगाइए**

| | | | |
|---|---|---|---|
|  | तितली | मछली | पुतली |
|  | बकरी | छतरी | गठरी |
|  | घर | चर | नर |
|  | चटाई | कुरसी | किताब |
|  | ऐनक | चेहरा | गला |
|  | टब | गोल | गेंद |



गाजर मूली आलू




घड़ी टोकरी छड़ी

## चित्र देखकर शब्द-लड़ी पूरी कीजिए




मीन















# SAMPLE PAPER 1

**PORTIONS:**

1. रंगों के नाम
2. डॉक्टर के यहाँ
3. रामन की समझदारी
4. उत्तम शिष्य
5. गिनती (1-10)
6. अनुवाद - I (1-15)
7. RECAP I

NOTE: 'शब्दार्थ' from the above-mentioned lessons (ENGLISH MEANINGS ONLY), all the exercises given at the end of the lessons & objective questions from 'गतिविधि' (Activities) will be tested for Written Examination.

CLASS : III　　**HINDI LANGUAGE III**　　TIME: 1 ½ HRS

DATE:　　MAX MARKS: 50

1. **दो अक्षर वाले शब्द बनाइए (कोई 3)** 3x1=3

   क___　　___न　　_____र　　फ ______

2. **तीन अक्षर वाले शब्द बनाइए (कोई 3)** 3x1=3

   न __ क　　___ हर　　ब___न　　कल ___

3. **अंग्रेज़ी अंकों में लिखिए (कोई 3)** 3x1=3

   तीन　　पाँच　　आठ　　दस

4. **अंग्रेज़ी में अर्थ लिखिए (कोई 4)** 4x1=4

   दोस्त　　महीना　　दिन　　बाण　　उत्तर

5. **वाक्य बनाइए (कोई 4)** 4x1=4

   बाहर　　दवाई　　फल　　भेजना　　पैर

6. **लिंग बदलिए** 2x1/2=1

   बेटा　　शिष्य

7. **वचन बदलिए** 2x1/2=1

   दवाई　　तोता

8. **विलोम शब्द लिखिए** 2x1/2=1

   नीचे　　पास

9. **सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए** 4x1=4

(पत्थर धनुष-बाण माताजी अर्जुन एक महीने)

a. __________ में एकदम ठीक हो जाओगे।

b. एक __________ नीचे पड़ा था।

c. सबके हाथ में ___________ थे।

d. द्रोणाचार्य प्रसन्न होकर __________ से गले मिले।

10. **सही विकल्प चुनकर लिखिए (कोई 4)** 4x1=4

a. चोर तेनाली रामन के घर कब घुसा?
रात शाम दोपहर

b. चोर कुएँ में से क्या लेना चाहता था?
आभूषण पानी पत्थर

c. डॉक्टर ने कितने दिनों के लिए दवाई दी?
एक महीने के लिए दस दिनों के लिए पंद्रह दिनों के लिए

d. चोर क्यों निराश हुआ?
कुएँ के सूख जाने पर खाना न मिलने पर आभूषण न मिलने पर

e. चोर क्यों थक गया?
भूख लगने के कारण कुएँ से पानी खींचने के कारण सोते रहने से

11. **हिंदी में अनुवाद कीजिए (कोई 4)** 4x1=4

a. Please come in.

b. Don’t run.

c. Play in the evening.

d. Bring a pen.

e. Take this paper.

12. **अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए (कोई 4)** 4x1=4

a. उधर जाइए।



b. मेरा चश्मा वहाँ है।

c. रवि के साथ इधर आइए।

d. एक पेंसिल खरीदिए।

e. पुस्तक इधर रखिए।

**13. सही मिलान कीजिए** 5x1=5

| | |
|---|---|
|  | सूरजमुखी |
|  | आम |
|  | टमाटर |
|  | सेब |
|  | पत्ता |

**14. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई 4)** 4x1=4

a. किन्हीं दो रंगों के नाम लिखिए।

b. नंदन किसके साथ क्रिकेट खेल रहा था?

c. उत्तम शिष्य कौन था?

d. भीम को पेड़ पर क्या दिखाई दिया?

e. नंदन क्यों रो रहा था?

**15. चित्र देखकर दिए गए शब्दों के सहारे खाली स्थान भरिए** (NON-TEXTUAL) 5x1=5

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **ऊपर** | **पत्थर** | **पिया** | **कौआ** | **पानी** |



a. एक --------- पानी की खोज में निकला।

b. एक कलश में थोड़ा ---------- था।

c. वह कलश में --------- डालने लगा।

d. पानी ---------- आ गया।

e. कौए ने पानी ---------।

# SAMPLE PAPER 2

**PORTIONS:**
1. दादाजी का बगीचा
2. सगे संबंधियों के नाम
3. रेस्ट्रान्ट में
4. पशु-पक्षियों के नाम
5. रास्ते की चट्टान
6. गिनती (11-20)
7. अनुवाद -II (1-15)
8. वाहनों के नाम
9. RECAP II

NOTE: ‘शब्दार्थ’ from the above-mentioned lessons (ENGLISH MEANINGS ONLY), all the exercises given at the end of the lessons & objective questions from ‘गतिविधि’ (Activities) will be tested for Written Examination.

CLASS : III **HINDI LANGUAGE III** TIME: 1 ½ HRS

DATE: MAX MARKS: 50

1. **आ मात्रा वाले शब्द तीन लिखिए (कोई 3)** 3x1=3

2. **ऊ मात्रा वाले शब्द तीन लिखिए (कोई 3)** 3x1=3

3. **अंग्रेज़ी अंकों में लिखिए (कोई 3)** 3x1=3

   सोलह अठारह उन्नीस बारह

4. **अंग्रेज़ी में अर्थ लिखिए (कोई 4)** 4x1=4

   परेशान कार्य थोड़ा स्वादिष्ट बर्बाद करना

5. **वाक्य बनाइए (कोई 4)** 4x1=4

   गरम काम भूख खाना तैयार

6. **लिंग बदलिए** 2x1/2=1

   पिताजी दीदी

7. **वचन बदलिए** 2x1/2=1

   चीज़ सेवा

8. **विलोम शब्द लिखिए** 2x1/2=1

बाहर पसंद

9. **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए** 4x1=4

( मोर पर में मामाजी गाय)

a. _____________ हमें दूध देती है।

b. ____________ हमारा राष्ट्रीय पक्षी है।

c. घड़ी दीवार ____________ है।

d. माताजी के भाई को ____________ कहते हैं।

10. **सही विकल्प चुनकर लिखिए (कोई 4)** 4x1=4

a. झोले में क्या था?

पीतल के सिक्के चाँदी के सिक्के सोने के सिक्के

b. किसान कैसे स्वभाव का था?

स्वार्थी परोपकारी दयालु

c. पिताजी कहाँ गए हुए थे?

मुंबई दिल्ली चेन्नई

d. पेड़-पौधे हमें क्या-क्या देते हैं?

फल-फूल अनाज-शरबत दाल-रोटी

e. बगीचा कैसा था?

सूखा सुंदर बड़ा

11. **हिंदी में अनुवाद कीजिए (कोई 4)** 4x1=4

a. Close your eyes.

b. Show me the picture.

c. Write down the lesson.

d. Drink enough water.

e. Stand near the wall.

12. **अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए (कोई 4)** 4x1=4

a. हाथ जोड़िए।



b. ध्यान से सुनिए।

c. दीवार के पास खड़े हो जाइए।

d. चाँद को देखिए।

e. मुझे चित्र दिखाइए।

13. **सही मिलान कीजिए** 5x1=5

| | |
|---|---|
|  | पपीता |
|  | घोड़ा |
|  | हाथी |
|  | बतख |
|  | नारियल का पेड़ |

14. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई 4)** 4x1=4

a. किन्हीं दो वाहनों के नाम लिखिए।

b. हरीश किन-किनके साथ रेस्ट्रान्ट गया था?

c. किन्हीं दो पशुओं के नाम लिखिए।

d. रेस्ट्रान्ट  का खाना कैसा था?

e. किन्हीं दो जानवरों के नाम लिखिए।

15. **चित्र देखकर दिए गए शब्दों के सहारे खाली स्थान भरिए** (NON-TEXTUAL) 5x1=5

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **जीत** | **खरगोश** | **दौड़** | **धीरे-धीरे** | **सो** |



a. ------- और कछुए ने रेस लगाने की बात की।

b. खरगोश तेज़ी से -----------रहा था।

c. कछुआ ------------जा रहा था।

d. बीच में खरगोश ------------ गया।

e. अंत में कछुए ने दौड़ ----------- ली।

# SAMPLE PAPER 3

**PORTIONS:**

1. रंगों के नाम
2. डॉक्टर के यहाँ
3. रामन की समझदारी
4. उत्तम शिष्य
5. गिनती (1-20)
6. अनुवाद I & II
7. दादाजी का बगीचा
8. सगे संबंधियों के नाम
9. रेस्ट्रान्ट में
10. पशु-पक्षियों के नाम
11. रास्ते की चट्टान
12. वाहनों के नाम
13. RECAP I & II

NOTE: 'शब्दार्थ' from the above-mentioned lessons (ENGLISH MEANINGS ONLY), all the exercises given at the end of the lessons & objective questions from 'गतिविधि' (Activities) will be tested for Written Examination.

CLASS : III　　**HINDI LANGUAGE III**　　TIME: 1 ½ HRS

DATE:　　MAX MARKS: 50

1. **चार अक्षर वाले शब्द बनाइए (कोई 3)** 3x1=3

श __ ब __　　____ टख ____

अ____र ____　　उ____व__

2. **ई मात्रा वाले शब्द तीन लिखिए (कोई 3)** 3x1=3

3. **अंग्रेज़ी अंकों में लिखिए (कोई 3)** 3x1=3

पाँच　　नौ　　सत्रह　　तेरह

4. **अंग्रेज़ी में अर्थ लिखिए (कोई 4)** 4x1=4

दवाई　　बाण　　स्वादिष्ट　　परेशान　　दोस्त

5. **वाक्य बनाइए (कोई 4)** 4x1=4

पैर　　भूख　　फल　　गरम　　घोंसला

6. **लिंग बदलिए** 2x1/2=1

परिचारक　　आचार्य

7. **वचन बदलिए** 2x1/2=1

कमरा   पराठा

8. **विलोम शब्द लिखिए** 2x1/2=1

लेना   बाहर

9. **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए** 4x1=4

(दादीजी  हरा  निशाना  बाघ  माताजी)

a. नंदन अपनी __________ के साथ अस्पताल गया।

b. पिताजी की माताजी को _________ कहते हैं।

c. _________ हमारा राष्ट्रीय जानवर है।

d. अर्जुन ने ____________ लगाते हुए कहा।

10. **सही विकल्प चुनकर लिखिए (कोई 4)** 4x1=4

a. नंदन अस्पताल में किससे मिला?

पिताजी से   डॉक्टर से   अध्यापक से

b. चोर क्यों थक गया था?

भूख लगने के कारण   कुएँ से पानी खींचते रहने से   सोते रहने से

c. किसको पेड़-पौधों से बहुत प्यार है?

दादीजी को   नानीजी को   दादाजी को

d. हरीश ने रेस्ट्रान्ट जाकर कौन-सा सूप पिया?

टमाटर का   पालक का   मटर का

e. डॉक्टर ने नंदन की तारीफ़ में क्या कहा?

अच्छा गेंदबाज़   अच्छा बल्लेबाज़   अच्छा खिलाड़ी

11. **हिंदी में अनुवाद कीजिए (कोई 4)** 4x1=4

a. Drink milk.

b. Please get up from your place.

c. Keep the book here.

d. Don't drink coffee.

e. Close your eyes.

12. **अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए (कोई 4)** 4x1=4

a. आँखें बंद कीजिए।


b. उसको बुलाइए।

c. यह कागज़ लीजिए।

d. उधर मत जाइए।

e. ध्यान से सुनिए।

13. **सही मिलान कीजिए** 5x1=5

| | |
|---|---|
|  | कमल |
|  | छतरी |
|  | कौआ |
|  | बिल्ली |
|  | संतरा |

14. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई 4)** 4x1=4

a. एक्स रे लैब का कमरा कैसा था?

b. पांडवों और कौरवों के गुरु कौन थे?

c. 'त्रिवेणी रेस्ट्रान्ट' की स्पेशल डिश क्या है?

d. आपको कौन-सा वाहन पसंद है?

e. पेड़ की डाली पर क्या रखा हुआ था?

15. **चित्र देखकर दिए गए शब्दों के सहारे खाली स्थान भरिए** (NON-TEXTUAL) 5X1=5

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **दो** | **चित्र** | **ऊपर** | **घर** | **लड़का** |



a. यह एक गाँव का ________ है।

b. इसमें पाँच ___________हैं।

c. नदी के किनारे एक ________बैठा है।

d. इस चित्र में _________ गायें हैं।

e. एक आदमी घर के _________ बैठा है।